-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **क्षेत्राधिकारी यातायात तथा निरीक्षक यातायात द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित यातायात जागरुकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक। यातायात नियमों के पालन हेतु छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को दिलाई गई शपथ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 11.11.2024 को क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजवीर सिंह गौर तथा निरीक्षक यातायात श्री राजेश चंद्र मिश्र द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित यातायात जागरुकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारें में जागरुक करते हुए दुर्घटना से बचने के लिये दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रुप से प्रयोग करने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, मोटरसाईकिल पर तीन सवारी न बैठने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने सम्बन्धी आवश्यक बातें बतायी गईं। साथ ही अपने परिवार / रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को भी इस सम्बन्ध में जाकरुक करने के लिये प्रेरित किया गया। यातायात नियमों के पालन करने के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुये नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने, बिना नम्बर प्लेट या गलत नम्बर प्लेट के वाहन न चलाने तथा ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने के लिये जागरुक किया गया। यातायात नियमों के पालन हेतु छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य, श्री पीयूष मिश्रा (मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा) सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।